**NEWS CLIPPING:08.04.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# Take necessary steps for effective implementation of e-Office: VC Prof. Tomar

Deepti Arora
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD** :The Vice Chancellor of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad Prof. Sushil Kumar Tomar today directed the concerned officials to take necessary steps for effective implementation of e-Office software in the University and work towards making the campus "paperless". The Vice-Chancellor was addressing the meeting with the officers and officials of the University. The meeting was attended by Registrar Dr. Sunil Kumar Garg, Advisor to Vice-Chancellor Dr. Pawan Singh Malik, and senior administrative officers. He also reviewed the ongoing work of Academic and Affiliation Branches and asked the officials to simplify the existing system of fee collection for the convenience of the students and affiliated colleges, keeping in view the upcoming academic session. He further asked them to strengthen the existing ERP system for proper data management. Prof. Tomar listened to the concerns of the non-teaching staff during the meeting and assured them that the University administration is committed to addressing their issues in a timely and effective manner. He emphasized the important role that non-teaching staff play in the smooth functioning of the University and acknowledged their contribution to its success. He reiterated the University's commitment to fostering a positive and inclusive work environment for all its employees. The Vice-Chancellor urged the non-teaching staff to continue to strive for excellence in their work and contribute to the growth and success of the University.

**NEWS CLIPPING:08.04.2023**

# AAJ SAMAJ

**निर्देश** विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिए निर्देश

## विवि को 'पेपरलेस' बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली को अपनाएं: प्रो. तोमर

आज समाज नेटवर्क

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कैंपस को पेपरलेस बनाने की दिशा में काम करने के लिए विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये।

कुलपति प्रो. तोमर यहां विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह मलिक के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

कुलपति ने शैक्षणिक और संबद्धता शाखाओं के चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों तथा संबद्ध कॉलेजों की सुविधा के लिए फीस कलेक्शन की मौजूदा प्रणाली को सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने डेटा प्रबंधन की मौजूदा ईआरपी प्रणाली को भी सुदृढ़ बनाने को कहा। प्रो. तोमर ने बैठक के दौरान गैर-शिक्षण कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सुचारू कामकाज में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भूमिका पर बल दिया और विश्वविद्यालय की सफलता में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कुलपति ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखें और विश्वविद्यालय के विकास और सफलता में योगदान दें।



बैठक लेते कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।

**NEWS CLIPPING:08.04.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## 'ई-ऑफिस व्यवस्था अपनाएं'




एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी में ऑफिस के सभी कामों को पेपरलेस बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने यूनिवर्सिटी के गैर शिक्षण अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग की। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में ई ऑफिस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाए, ताकि पेपर का इस्तेमाल कर से कम हो। उन्होंने डेटा प्रबंधन की मौजूदा प्रणाली को भी सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। मीटिंग में कुलसचिव डॉ.सुनील कुमार गर्ग, कुलपति के सलाहकार डॉ.पवन सिंह मलिक के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:08.04.2023**

# PUNJAB KESARI

# विश्वविद्यालय को पेपरलेस बनाने के लिए ई.ऑफिस प्रणाली को अपनाएं: प्रो. तोमर

**विवि में ई ऑफिस सॉफ्टवेयर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिए निर्देश**



*गैर शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।*

फरीदाबाद, 7 अप्रैल (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कैंपस को पेपरलेस बनाने की दिशा में काम करने के लिए विश्वविद्यालय में ई.ऑफि स सॉफ्टवेयर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये।

कुलपति प्रो. तोमर आज यहां विश्वविद्यालय के गैर शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह मलिक के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। कुलपति ने शैक्षणिक और संबद्धता शाखाओं के चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों तथा संबद्ध कॉलेजों की सुविधा के लिए फीस कलेक्शन की मौजूदा प्रणाली को सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने डेटा प्रबंधन की मौजूदा ईआरपी प्रणाली को भी सुदृढ़ बनाने को कहा। प्रो. तोमर ने बैठक के दौरान गैर.शिक्षण कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के सुचारू कामकाज में गैर शिक्षण कर्मचारियों की भूमिका पर बल दिया और विश्वविद्यालय की सफ लता में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कुलपति ने गैर शिक्षण कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखें और विश्वविद्यालय के विकास और सफलता में योगदान दें।

**NEWS CLIPPING:08.04.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विश्वविद्यालय बनेगा कागजमुक्त

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को पेपर लेस बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर को सख्ती से लागू किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अधिकारियों को दिशानिर्देश जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। इसमें कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह मलिक के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। वहीं, उन्होंने शैक्षणिक और संबद्धता शाखाओं के चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों तथा फीस कलेक्शन की मौजूदा प्रणाली को सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गैर-शिक्षण कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। संवाद

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:08.04.2023**

# HINDUSTAN

# विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली अपनाएं: कुलपति

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कैंपस को पेपरलेस बनाने की दिशा में काम करने के लिए विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिए हैं।

कुलपति प्रो. तोमर विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह मलिक के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

कुलपति ने शैक्षणिक और संबद्धता शाखाओं के चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए डेटा प्रबंधन की मौजूदा ईआरपी प्रणाली को सुदृढ़ बनाने को कहा।